समाचार

# गोधन न्याय योजना से पशुपालकों की सुधरी आर्थिक स्थिति–महापौर

## (महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 15 टी.पी.नगर जोन में किया गोधन न्याय योजना का शुभारंभ एवं गोठान का लोकार्पण)

कोरबा 17 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजना गोधन न्याय योजना किसानों व पशुपालकों के लिए वरदान बनी हुई है,, इससे पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार आया है तथा वे गोबर का विक्रय कर अतिरिक्त आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल गोधन न्याय योजना के सफल क्रियान्वयन, गोठानों के निर्माण आदि के लिए विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों–पशुपालकों के प्रति उनके लगाव को दर्शाता है।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के टी.पी.नगर जोनांतर्गत वार्ड क्र. 15 अंतर्गत नवनिर्मित गोठान के निर्माण एवं वहां पर गोधन न्याय योजना के शुभारंभ अवसर पर कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा पन्द्रह ब्लाक में सर्वसुविधायुक्त गोठान का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया, इस मौके पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री संतोष राठौर, श्रीमती सपना चौहान, पार्षद रवि चंदेल, पार्षद धनसाय साहू एवं एल्डरमेन एस.मूर्ति, की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर महापौर श्री प्रसाद ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की गोधन न्याय योजना पूरे देश में अपनी तरह की पहली योजना है, सम्पूर्ण देश में इस योजना की प्रशंसा की जा रही है, गोधन न्याय योजना के तहत पशुपालकों से 02 रूपये प्रति किलो की दर से सरकार गोबर खरीद रही है, इससे पशुपालकों को खेती, किसानी से प्राप्त आय के अलावा अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। उन्होने आगे कहा कि गोधन न्याय योजना

के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल विशेष रूचि दिखा रहे हैं, जो किसानों, पशुपालकों के प्रति उनकी संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होने आगे कहा कि राज्य शासन की '' नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी '' योजनांतर्गत निगम क्षेत्र में कुल 08 गोठान बनाए जाने हैं, जिनमें से कोसाबाड़ी जोनांतर्गत गोकुलनगर में पूर्व से गोठान संचालित है तथा आज दूसरे गोठान को लोकार्पित किया गया है, इन गोठानो में मवेशियों के लिए आवास, भोजन, पानी आदि सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई हैं, शेष स्थानों पर गोठानों का निर्माण की कार्यवाही चल रही है।

**पशुपालकों को हितग्राही खाताबुक प्रदान किए—** इस मौके पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी एवं अन्य अतिथियों ने पंजीकृत पशुपालकों को हितग्राही खाताबुक प्रदान किया। गोबर खरीदी कार्य का शुभारंभ कराते हुए महापौर श्री प्रसाद ने पशुपालकों से गोबर की खरीदी की तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होने गोबर खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं पर सतत नजर रखने तथा केन्द्र के बेहतर संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, विवेक रिछारिया, विनोददास महंत सहित वार्ड की महिला समिति की पदाधिकारी व सदस्यगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।